# ठगी का आरोपी गिरफ्तार



» नरेश चौहान सारंगढ़ की रिपोर्ट

**न्याय साक्षी/सारंगढ़।** थाना कोसीर के अपराध क्रमांक 35/18 धारा 420 आईपीसी का आरोप अनिल कुमार टांडेल पिता स्व. विजय लाल टांडेल उम्र 21 वर्ष साकिन पिपरडुला थाना सरसींवा जिला बलौदाबाजार के विरुद्ध पंजीबद्ध किया गया था। जिस पर जानकारी है कि माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था जिसे दिनांक 23/08/2019 को ग्राम पिपरडुला से थाना प्रभारी कोसीर निरीक्षण जे.आर. चौहान व हमराह आरक्षक मुनी अनंत, राजीव मनहर, चालक लक्ष्मी चन्द्रा द्वारा मुखबीर सूचना पर गिरफ्तार करके न्यायालय पेश किया गया है।

आरोपी अनिल कुमार टांडेल के विरुद्ध ग्राम बछौरडीह थाना सरसींवा जिला बलौदाबाजार में रहने वाले राजेश बंजारे पिता शिव प्रसाद बंजारे जो कोसीर का मूल निवासी है जिसके द्वारा शिकायत आवेदन देकर थाना कोसीर में रिपोर्ट दर्ज कराया। जिस पर लेख था कि अनिल कुमार टांडेल ने सिंगरौली में कोल फील्ड में राजेश की सरकारी नौकरी लगवाने के एवज पर 10,00000 (दस लाख रुपये) लिया गया था लगभग 2 वर्ष गुजर जाने के बाद भी अनिल नौकरी नहीं लगवाया और न ही पैसा वापस किया।

जब जानकारी के लिए अनिल के पास जाते थे तो रुपया साहब को दिया हूँ कहते हुए झूठ बोला जाता था। यह भी पता चला कि अनिल और भी लोगो से नौकरी लगा दूंगा बोलकर रुपये लिया है।

# एसपी ने पुलिस ग्राउण्ड में जवानों की व थाना कोतवाली में गुण्डा बदमाशों की ली परेड

## जिले के गुण्डा बदमाशों को सुधरने की समझाईस के साथ दी गई कड़ी कार्यवाही की चेतावनी





**न्याय साक्षी/रायगढ़।** निर्धारित जनरल परेड पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह(भापुसे) उर्दना पुलिस ग्राउण्ड पहुंचे। परेड पर थाना, चौकी प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। परेड की सलामी पश्चात पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना प्रभारियों से ड्रील करवाया गया। परेड ग्राउण्ड पर उपस्थित सभी जवानों को पुलिस अधीक्षक महोदय ने बताया कि हमारा आधार अनुशासन है, पुलिस का कार्य कानून का पालन करना है, इसके लिये सख्ती न दिखाकर विधि अनुरूप कार्य करें। पुलिस लगातार समाज के लिए कार्य कर रही है किन्तु उसका पूर्ण प्रतिसाद हमें नहीं मिल पा रहा है। इसके लिये हमें हमें अपने कार्य के साथ अपने व्यवहार में सुधार लाने की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने जवानों से कहा कि देखा गया है कि हम प्रतिदिन तो कई लोगों के दुखः तकलीफों से रूबरू होते हैं किन्तु हम अपनी स्वयं की परेशानियां अंदर दबाकर रखते हैं। ऐसा उचित नहीं है, आप अपनी व्यक्तिगत अथवा विभागीय परेशानियों को हमारे पास लायें, उसका उचित निराकरण किया जावेगा।

विदित है कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की जिले में पदस्थापना के बाद से जिस प्रकार जिलेभर में अवैध कबाड, जुआ-सट्टा तथा अवैध शराब की बिक्री पर कार्यवाही की जा रही है। इससे पुलिस अधीक्षक की मंशा समाज में फैली इस बुराई को इस जिले से पूर्णतः निषेध करने ही है और साथ ही यह उन असामजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश है कि अपराधिक गतिविधों से दूर रहें।

अमूमन देखा गया है कि थाना/चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र के निगरानी, माफी, सस्पेक्टेड बदमाशों की गतिविधियां पर निगाह रखते हैं तथा उनकी गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर कार्यवाही की जाती है किंतु आज पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा अनोखी पहल करते हुये शहर के थाना/चौकी के गुंडा बदमाशों को कोतवाली तलब किये। जिनमें 56 गुडा बदमाश उपस्थित हुए पुलिस अधीक्षक सिंह द्वारा एक-एक कर सभी निगरानी, गुंडा बदमाशों के पूर्व अपराधिक इतिहास एवं वर्तमान में इनकी अपराधों में सक्रियता तथा इनके जीविका उपार्जन के साधनों की जानकारी ली। ऐसे बदमाश जो काफी दिनों से किसी भी अपराधिक गतिविधियों में सक्रिय नहीं है तथा समाजिक रूप से जीविका उपार्जन कर जीवनयापन कर रहे हैं, उन्हें निगरानी से माफी में लाये जाने का निर्देश प्रभारियों को दिये। कुछ सक्रिय बदमाशों को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सुधरने की समझाईस देकर चेतवानी दिये तथा कुछ ऐसे भी बदमाश उपस्थित थे जिनकी हाल ही में विभिन्न अपराधों में सक्रियता रही है ऐसे बदमाशों को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई है कि यदि अब किसी भी मामले में संलिप्तता पायी जाती है तो कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इस दौरान थाना कोतवाली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी कोतवाली एस.एन. सिंह तथा स्टाफ मौजूद थे।

# नवपदस्थ एसडीएम का अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति सारंगढ़ ने किया स्वागत



**नरेश चौहान/न्याय साक्षी/सारंगढ़।** सारंगढ़ नवपदस्थापना एसडीएम श्रवण कुमार टण्डन का अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति सारंगढ इकाई की टीम से अध्यक्ष नरेश चौहान,उपाध्यक्ष दिनेश जोल्हे,सचिव सन्तोष चौहान,महासचिव चंद्रिका भास्कर, प्रकाश जांगडे, सलाहकार अनिल गोपाल सभी ने नवपदस्थापना एसडीएम का आत्मीय स्वागत के साथ ही ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ का स्थिति बेहद दयनीय है, इलाज के लिए आए मरीजों को सही इलाज नही मिल पा रहा है। मरीजों को मैली, दाग-धब्बेदार चादर दिया जाता है, मरीजों के खाने की व्यवस्था में भी भारी लापरवाही बरती जा रही है। मरीजों के साथ आये परिवारों के लिए रहने के लिए बेड की भी व्यवस्था नहीं है। जिसकी लिखित शिकायत पत्रकार संघ सारंगढ़ के द्वारा एसडीएम साहब को ज्ञापन देकर जल्द कार्यवाही की मांग किया गया है। सारंगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बात करे तो गंदगी का आलम पसरा हुआ है जिसकी जानकारी खण्ड चिकित्सक अधिकारी को कई दफा दी जा चुकी है, फिर भी ध्यान नही दिया जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम का ध्यानाकर्षण किया गया। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति सारंगढ़ इकाई की पत्रकार संघ ने नवपदस्थापना एसडीएम को ज्ञापन देकर विधिवत जांच करने के लिए ज्ञापन दिया गया है। जिस पर नवपदस्थापना एसडीएम साहब के द्वारा जांच कर उचित कार्यवाही करने की बात कही गयी।

# मतदाताओं की एन्ट्री का सत्यापन 2 सितम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2020 के तहत ईभीपी (इलेक्ट्रोर वेरीफिकेशन प्रोग्राम)कार्यक्रम अंतर्गत जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों के मतदाता सूची में मतदाताओं के एन्ट्री का सत्यापन का कार्य किया जाना है। उक्त निर्देश के पालन में जिले में विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सह निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में मतदाताओं की एन्ट्री का सत्यापन 2 सितम्बर 2019 को किया जाना है।

# एसपी के दिशा निर्देशन पर पुलिस विभाग की उल्लेखनीय कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर जिले में अवैध कबाड़, जुआ-सट्टा एवं अवैध शराब की बिक्री पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 29.08.19 को थाना सरिया में सायकल चोर से बड़ी संख्या में चोरी के सायकलों की बरामदगी तथा छाल पुलिस द्वारा मोटर सायकल चोर से चोरी की एक मोटर सायकल जप्ती की कार्यवाही एवं महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख दैनिक प्रतिवेदन दिनांक 29.08.19 में किया गया है किन्तु दिनांक 29.08.2019 को देर शाम तक जिले के विभिन्न थानों में कार्यवाही जारी थी, दिनांक 29.08.19 को जिले में महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है -

**(1)** थाना सरिया द्वारा सायकल चोर आरोपी नकुल पिता गोपीनाथ साहू उम्र 46 वर्ष निवासी औरदा थाना पुसौर हाल संत विनोबा नगर रायगढ़ से चोरी के 68 सायकल कीमती 2,72,000 रूपये जप्त , आरोपी के विरूद्ध इस्तगासा क्रमांक 05/19 धारा 41(1) (4) सीआरपीसी /379 आईपीसी के तहत कार्यवाही। **(2)** थाना छाल द्वारा मोटर सायकल चोरी के मामले में आरोपी बजरंग दास वैष्णव निवासी पुसल्दा थाना छाल की गिरफ्तारी आरोपी से चोरी गई मोटर सायकल हिरो HF DELUXE क्रं CG 13 AC-2868 रंग काला बरामद। **(3)** पुलिस चौकी खरसिया द्वारा अवैध कबाड पर कार्यवाही 03 कार्यवाही धारा 41(1)(4) सीआरपीसी /379 आईपीसी के तहत आरोपी (1) टिकु मनिहार निवासी अंजोरीपाली (2) पवन कुमार अग्रवाल निवासी खरसिया (3) नियाकत अली मनिहार निवासी अंजोरीपाली खरसिया के विरूद्ध की गई है। आरोपियों से कुल 17.9 क्विंटल लोहा का एंगल, नट आदि कीमती 21 हजार 500 रूपये। **(4)** थाना चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा पहाड मंदिर चौक के पास आरोपी अरमान यादव पिता महेन्द्र यादव उम्र 24 वर्ष निवासी जेल पीछे शंकर मंदिर चौकी जूटमिल थाना कोतवाली रायगढ के कब्जे से 04 टन लोहा कबाड़ किमती 4,00,000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 41(1)(4) सीआरपीसी/379 आईपीसी के तहत कार्यवाही।

इस प्रकार उपरोक्त 04 प्रकरणों में चोरी की 3,63,500 रूपये के चोरी की मशरूका की बरामदगी की गई है। दिनांक 29.08.2019 को विभिन्न थानों में अवैध शराब बिक्री के 14 प्रकरणों की कार्यवाही की गई है, जिसमें 98.83 लिटर शराब कीमती 12,466 रूपये की जप्ती की गई है। सट्टा-पट्टी लिखने वाले 10 व्यक्तियों से लाखों के सट्टा-पट्टी तथा नगदी रकम 14,110 रूपये, 01 मोबाईल बरामद किया गया है। वहीं थाना कोसीर, खरसिया एवं भूपदेवपुर में 52 पत्ती तास से जुआ खेल रहे 15 व्यकितयों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है, जिनसे 6,800 रूपये जप्त किया गया है।

# रेल परियोजना उरगा से धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण के लिए सुनवाई 13 सितम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रेल परियोजना उरगा से धरमजयगढ़ रेल लाईन निर्माण में प्रभावित अनुविभाग धरमजयगढ़ के ग्राम धसकामुड़ा, महाराजगंज, जोगड़ा, हाटी, सिथरा, खडग़ांव, कोयलार एवं बायसी कालोनी की नीजि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित)के अनुसार धारा 20 (ई)एवं ग्राम जोगड़ा, हाटी एवं खडग़ांव में पुनः धारा 20 (ए)की जा रही है। इस संदर्भ में जिन कृषकों द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया है अथवा आपत्ति प्रस्तुत किया जाना है इसकी सुनवाई 13 सितम्बर 2019 को पूर्वान्ह 11 बजे से न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ कक्ष क्रमांक 16 में निर्धारित है। यह किसी हितबद्ध कृषक को किसी प्रकार से जानकारी प्राप्त करना हो तो वह स्वयं सुनवाई में भाग ले सकता है।

# महाविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रम के निर्धारित सीट में वृद्धि

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राज्य शासन द्वारा किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में सत्र 2019-20 में विभिन्न विषय पाठ्यक्रम में निर्धारित सीट संख्या में वृद्धि की गई है। जिनमें संकाय एम.एस.सी भौतिक शास्त्र में वर्तमान सीट 33 थी जिसमें 5 सीट बढ़ाई गई है। इसी तरह एमएससी रसायन, एमएससी वनस्पति एवं एमएससी प्राणीशास्त्र में वर्तमान में 30-30 सीट थी, जिसमें 5-5 सीट बढ़ाई गई है। बीएससी बायो 400 सीट में 10 सीट की वृद्धि एवं बीएससी गणित 240 सीट में 10 सीट की वृद्धि की गई है।

# कायाकल्प योजना के तहत जिले के एक सामुदायिक एवं 5 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हुए पुरस्कृत



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा स्वच्छ अस्पताल योजना के तहत कायाकल्प 2018-2019 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह आज राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस सिंहदेव, स्वास्थ्य सचिव निहारिका बारिक, एमडी प्रियंका शुक्ला, संचालक शिखा राजपूत के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इनमें रायगढ़ जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी, लैलूंगा विकास खंड के बीएमओ डॉ.एस.एन.उपाध्याय को पुरस्कृत किया गया। लैलूंगा विकास खंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को नगद राशि और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया और पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया है। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेन्धरा, नंदेली, पुटकापुरी, किरोड़ीमलनगर और सरिया शामिल हैं। कायाकल्प योजना यानी स्वच्छ अस्पताल योजना में शासकीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण एवं साफ - सफाई को बढ़ावा देने के लिए योजना प्रारंभ की गई। योजना के तहत लोक स्वास्थ्य संस्थाओं में गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए मानकों के अनुरूप सेवाएं प्रदाए किए जाने वाले अस्पताल को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर क्वालिटी सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों के लिए संचालित कायाकल्प योजना के तहत राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरित किए।




## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

## न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480